दिनांकः 24.04.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–पहलगाम हमले के दोषियों को जल्द कड़ी सज़ा मिलेगी–सरकार ने राष्ट्रपति को घटनाक्रम से अवगत कराया।
- पहलगाम आतंकी घटना को लेकर आज भी प्रदेशभर में प्रदर्शन और श्रद्धांजलि के आयोजन–सरहद पर सतर्कता बढ़ाई गई।
- खसरा–रुबेला उन्मूलन अभियान की आज से शुरूआत–बच्चों को इन रोगों से बचाने के लिए कई जागरुकता गतिविधियां होंगी।
- प्रदेशभर में भीषण गर्मी के बीच कल से पश्चिमी क्षेत्र में हीटवेव का नया दौर शुरू होने की संभावना।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत, हर आतंकवादी और उसे सहायता देने वालों की पहचान कर उनका पता लगाएगा और पहलगाम हमले के दोषियों को दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा और भारत, दुनिया के किसी भी कोने से अपराधियों को ढूंढ निकालेगा। बिहार के मधुबनी जिले में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों का हमला केवल पर्यटकों पर नहीं हुआ, बल्कि भारत की आत्मा पर भी हुआ है।

--------------

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति भारत के साथ खड़ा है। श्री मोदी ने भारत के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए विश्व और वैश्विक नेताओं को धन्यवाद दिया।

गृहमंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें पहलगाम घटना की जानकारी दी। गृहमंत्री ने राष्ट्रपति को सुरक्षा बलों की कार्यवाही और सरकार द्वारा उठाए जा गए कदमों के बारे में बताया। इस बीच विदेश मंत्रालय ने आज पहलगाम आतंकी हमले पर चुनिन्दा देशों के राजदूतों को बुलाकर जानकारी दी। बैठक में जर्मनी, जापान, पोलैंड और रूस के राजदूत शामिल रहे।

000

पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर केन्द्र सरकार द्वारा आज दिल्ली में सर्वदलीय बैठक आयोजित की जा रही है। संसद भवन परिसर में हो रही बैठक में सरकार की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को हमले के बारे में जानकारी दी जा रही है।
इस बीच, आतंकी हमले के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने आज नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें पार्टी पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।
वहीं, कांग्रेस कार्य समिति ने भी आज दिल्ली में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक कर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसे भारत गणराज्य के मूल्यों पर सीधा हमला बताया।

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है। पाकिस्तान के सभी वर्तमान वैध वीजा भी 27 अप्रैल से रद्द कर दिए

जाएंगे। इसके अलावा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए चिकित्सा वीजा भी 29 अप्रैल तक ही वैध रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा की निर्धारित समय से पहले देश छोड़ना होगा।

केन्द्र ने भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। सरकार ने पाकिस्तान में मौजूद भारतीयों से जल्द स्वदेश लौटने को कहा है।

इस बीच, देशभर में उपजे आक्रोश को देखते हुए सरकार ने पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान की फिल्म अबीर गुलाल के भारत में रिलीज़ पर रोक लगा दी है। आरती एस बागडी के निर्देशन में बनी ये फिल्म नौ मई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होनी थी।

000

पहलगाम आतंकी घटना को लेकर प्रदेशभर में विभिन्न संगठनों और संस्थाओं की ओर से आज भी विरोध प्रदर्शन और श्रद्धांजलि के कार्यक्रम हुए। घटना को लेकर जयपुर में कई व्यापार संघों और स्वयं सेवी संगठनों ने मार्च निकाला और प्रदर्शन किया। भरतपुर के शहीद स्मारक पर आमजन ने मोमबत्ती जलाकर आतंकवादी घटना की निंदा की। इस दौरान व्यापारियों ने काली पट्टी बांधकर रोष जताया। जिला मुख्यालय पर प्रार्थना सभा आयोजित कर दिवंगतों के लिए मौन रखा गया। सवाईमाधोपुर के हम्मीर चौक पर शहरवासियों ने तिरंगा हाथ में लेकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। झालावाड़ में बार एसोसिएशन की ओर से विरोध स्वरूप रैली निकाली गई और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जोधुपर हाईकोर्ट में वकीलों ने प्रदर्शन किया और हमले के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाही के लिए सरकार से मांग की। बारां के प्रताप चौक पर लोगों ने मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। इस बीच, घटना में मारे गए जयपुर निवासी नीरज उधवानी का आज अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों ने उधवानी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने इसे कायराना हरकत बताते हुए विश्वास जताया कि दोषियों को जल्द ही कड़ी सज़ा मिलेगी।

-----------

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी उधवानी के परिजनों को ढांढस बंधाया।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रदेशभर में सतर्कता बढा दी गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस प्रशासन ने आज कई जगह फ्लैगमार्च किया और होटलों में बाहर से आकर ठहरने वालों की जांच की। दूसरी ओर, पाकिस्तान से लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने चौकसी बढ़ा दी है। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि जिला मुख्यालय पर भी पुलिस बल ने आज सघन जांच अभियान चलाया।

-----------

000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में 2025–26 के लिए खसरा–रूबेला उन्मूलन अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत 2026 तक खसरा और रूबेला का देश से पूरी तरह खात्मे का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम है।

श्री नड्डा ने राज्यों के मंत्रियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से सक्रिय जनभागीदारी के माध्यम से टीकाकरण अभियान के बारे में जानकारी देने के लिए सार्वजनिक बैठक तथा संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने राज्यों से खसरा और रूबेला बीमारी को खत्म करने के लिए टीकाकरण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों से भी भागीदारी की अपील की। गौरतलब है कि इस साल पहली तिमाही तक देश के 322 जिलों में खसरे का कोई मामला सामने नहीं आया है। इसी तरह 487 जिलों में रूबेला बीमारी का भी रोगी रिपोर्ट नहीं हुआ है।

000

आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। आज ही के दिन 1992 में 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत पंचायतों को स्थानीय स्वशासन के रूप में संवैधानिक दर्जा हासिल हुआ था। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। ग्राम पंचायतों में जागरुकता गतिविधियां रखी गईं और बिहार के मधुबनी जिले में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। सरहदी जिले जैसलमेर में हरियालो राजस्थान और एक पेड़ मां के नाम थीम पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें जनप्रतिनिधियों ने पंचायतों में पौधे लगाए गए।

000

प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में संभावनाओं और सुरक्षा को लेकर आज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने पर्यटक सहायता बल को मजबूत बनाने और पर्यटकों के साथ धोखाधड़ी तथा अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। दिया कुमारी ने टूर ऑपरेटर्स और होटल मालिकों की समय–समय पर जांच करने तथा पर्यटक थानों में पुलिस के जवान प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने के निर्देश दिये।

000

प्रदेश के अधिकांश भागों में झुलसाने वाली गर्मी का दौर जारी है। पश्चिमी इलाकों में पड़ रही तेज धूप ने जन जीवन अस्त–व्यस्त कर दिया है। जैसलमेर और बाड़मेर में आज दिनभर गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर किये रखा। गलियों और बाजारों में सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। बाडमेर में आज पारा 44 दशमलव 8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। चूरू में भी तेज गर्मी के चिलचिलाती गर्मी के चलते कर्फ्यु जैसा माहौल बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो–तीन दिन तापमान में 2 से 3 डिग्री बढोतरी होने की संभावना है।

कल से सीमावर्ती इलाकों में हीटवेव का नया दौर शुरू होने का पूर्वानुमान है। इस दौरान तापमान के 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाने की आशंका है।

000

आदिवासी बाहुल्य डूंगरपुर जिला पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है। जिले में साल 2024–25 में 62 हजार से अधिक परिवारों ने योजना के तहत 100 दिन का कार्य पूरा किया है। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि नरेगा योजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने से जिलेवासियों का गुजरात और अन्य राज्यों में पलयान रुका है।

**एसबी जिला कलेक्टर**

000